दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

पत्रांकः 1539 /यू0जी0सी0/2024 दिनांक 26..../09/2024

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष,
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय
गोरखपुर

विषयः– विश्वविद्यालय में शोधरत एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा स्वीकृत विभिन्न फेलोशिप में पंजीकृत शोधार्थियों को अपने स्टूडेन्ट पोर्टल पर आधार अपडेट करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक विश्वविद्यालय के पूर्व पत्र संख्याः 1529/यू0जी0सी0/2024 दिनांकः 17.09.2024 का संदर्भ लेने का कष्ट करें जिसके माध्यम से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा दिये गये निर्देश को ~~क्रों~~ अपने स्तर से विश्वविद्यालय में शोधरत एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा स्वीकृत विभिन्न फेलोशिप में पंजीकृत शोधार्थियों को अपने स्टूडेन्ट पोर्टल पर आधार अपडेट करने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया था। इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि दिनांकः 26.09.2024 को पूर्वान्हः 11.00 बजे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली के अधिकारियों के साथ आनलाईन बैठक सम्पन्न हुई जिसमें आयोग द्वारा निम्नलिखित निर्देश दिया गया हैः–

1- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा संचालित विभिन्न फेलोशिप में पंजीकृत सभी शोधार्थी (जिनको वर्तमान में फेलोशिप प्राप्त हो रही है) अपने स्टूडेन्ट पोर्टल पर निश्चित रुप से आधार अपलोड कर दें।
2- आधार अपलोड करने हेतु विभिन्न फेलोशिप में पंजीकृत सभी शोधार्थी अपने स्टूडेन्ट पोर्टल पर आधार अपडेट करने हेतु उपलब्ध वीडियो का अवलोकन कर आधार अपडेट कर सकते है।
3- उपरोक्त से सम्बन्धित सभी शोधार्थी प्रत्येक दशा में तीन माह के अन्दर अपने स्टूडेन्ट पोर्टल पर आधार अपलोड कर दें।
4- उपरोक्त से सम्बन्धित सभी शोधार्थी अपने स्टूडेन्ट पोर्टल पर आधार अपलोड कर उसका स्क्रीन शाट तथा आधार की छायाप्रति के साथ चेकर आईडी से आधार अपडेट को एप्रूव करा लें।

अतः उपरोक्त निर्देश के क्रम में आपसे अपेक्षा की जाती है कि अपने स्तर से समस्त सम्बन्धित शोधार्थियों को तदनुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः–

1. समस्त अधिष्ठाता।
2. प्रभारी वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि वे उक्त सूचना को वेबसाइट पर प्रदर्शित करने का कष्ट करें।
3. मीडिया प्रभारी को इस आशय से प्रेषित कि वे उक्त सूचना को विभिन्न समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।
4. सचिव कुलपति, कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner